एम. कॉम
प्रथम सत्र

वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम)

प्रथम सत्र

सत्रीय कार्य

2026

जनवरी 2026 तथा जुलाई 2026 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि
प्रथम सत्र

सत्रीय कार्य - 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रति**श**त अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् (**जनवरी 2026 और जुलाई 2026**) के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

2. जो **जुलाई 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**एम. सी. ओ. -01**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**संगठन सिद्धांत और व्यवहार**
स्त्रीय कार्य का कोड	**:**	**एम. सी. ओ. -01/टी. एम. ए./ 2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. प्रबंधकों के विभिन्न कार्यों और भूमिकाओं की व्याख्या कीजिए। संगठन की कार्यकुशलता को बढ़ाने में इनका क्या उपयोग है? **(10)**

2. संप्रेषण की परिभाषा दीजिए। अच्छे संप्रेषण के बुनियादी सिद्धांतों को समझाइए। **(10)**

3. प्रत्यक्षण से आप क्या समझते है? प्रबंध संबंधी उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जिनमें प्रत्यक्ष ज्ञान की संकल्पना का प्रयोग किया जा सकता है। **(10)**

4. अभिवृति शब्द से आप क्या समझतें है? अभिवृति के कार्य और निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **(10)**

5. **निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए:** (4X5)

   (क) "व्यक्तित्व का विकास विभिन्न चरणों में होता है और इस विकास को अनेक कारक प्रभावित करते हैं"

   (ख) "दुश्चिंता और बर्नआउट दबाव को कम कर देते हैं"

   (ग) "व्यक्तियों की प्रवृतियों की पूर्वधारणाओं के संबंध में सिद्धांत X और सिद्धांत Y तर्क रूप से ही एक दूसरे के विपरीत हैं"।

   (घ) "संगठनात्मक व्यवहार अंतः शास्त्रीय विचारधारा है जिसकी सहायता से किसी संगठन में मानव व्यवहार का अध्ययन किया जाता है"।

6. **निम्नलखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए:** (4X5)

   (क) क्लासिकी अनुकूलन और क्रियान्वयन अनुकूलन

   (ख) जॉब संवर्धन और जॉब विस्तार

   (ग) औपचारिक और अनौपचारिक समूह

   (घ) कार्यात्मक ढ़ांचा और खंडीय ढ़ांचा

7. **निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए:**

   ((क) कुल गुणवत्ता प्रबंध (TQM) (4X5)

   (ख) उद्देश्यों द्वारा प्रबंध (MBO)

   (ग) प्रबलन की अनुसूची

   (घ) अभिप्रेरक